लगातार हो रहा उत्खनन, हजारों डंफर निकाले जा चुके छछरी और पत्थर

गोविंदपुर सरपंच शासकीय तालाब पर खनन करा बेंच रहा है पत्थर छछरी

नवभारत न्यूज

रामनगर 5 मई । मैहर जिले के विकाश खण्ड क्षेत्र रामनगर के गोविंदपुर ग्राम पंचायत में अवैध उत्खनन छछरी और पत्थर का खनन बड़ी तेजी के साथ चल रहा है। ग्रामीणों के आरोप लगाया है की सरपंच रमाशंकर चतुर्वेदी जेसीबी लगाकर शासकीय तालाब पर छछरी और पत्थर का उत्खनन करा खुलेआम विक्रय करता है। जिससे शासन के राजस्व खनिज सम्पदा की हानि हो रही है।

ग्राम वासियों ने बताया की कभी दिन के समय तो ज्यादातर मध्य रात्रि पर जेसीबी से उत्खनन का काला कारोबार सुचारू रूप से होता है जहां छछरी और पत्थर की सप्लाई चलती है। ग्रामीण जनों पर काफी अधिक

आक्रोश भी इस संदर्भ पर देखा जा सकता है। ग्राम वासियों ने इस बात का उल्लेख किया है की हजारों डंफर छछरी और कई हाईवा पत्थर सरपंच द्वारा बेचा जा चुका है।

बिना अवैध अनुमति के उत्खनन का काला कारोबार संचालित हो रहा है। जबकि प्रशासनिक स्तर पर ना तो खनिज विभाग से और ना राजस्व विभाग से किसी भी तरह उत्खनन की अनुमति है। शासन के करोड़ों रूपये की खनिज सम्पदा का उत्खनन कर हानि पहोचाई जा चुकी है।खनिज उत्खनन और विक्रय का सारा खेल सिस्टम के आपसी मेलजोल सांठगांठ से चल रहा है। माइनिंग विभाग का परोप संरक्षण और राजस्व विभाग का संरक्षण क्षेत्र वासियों द्वारा बताते जा रहे। बिना संरक्षण के करोड़ों रुपए के सम्पदा का दोहन निर्यात लाजमी संभव नहीं है।

टिकुरी क्षेत्र में बंदरों का आंतक

नवभारत न्यूज

कोटर 4 मई। कोटर क्षेत्र के ग्राम टिकुरी में काफी समय से बंदर का आतंक मचा हुआ है ।

ये बंदर कई ग्रामीणों को शिकार बन चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ना तो वन विभाग के द्वारा बंदर को पकड़ने की कोई मुहिम चलाई गई जिससे आए दिन बंदर ग्रामीणों को हताहत कर रहा है टिकुरी के ग्रामीण बंदर के आतंक से भय के साए में जी रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदर को तुरंत

फोटो फाइल

पकड़वाय जाने की मांग की है।

कब तक लुटता रहेगा अन्नदाता : कल्पना वर्मा

नवभारत न्यूज

रैगांव 5 मई। रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने कहा कि स्लॉट बुकिंग की अव्यवस्था से किसान परेशान हो चुका है। किसानों को जो तारीखे दी जाती है उसी दिन उनकी उपज को खरीदी केंद्रों में खरीदा जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

श्रीमती वर्मा ने कहा कि खरीदी केंद्रों के बाहर लंबा जाम लगा रहता है किसान कई दिनों तक अपनी उपज को बेचने के लिए भूखे-प्यासे इंतजार कर रहे हैं। स्लॉट की बुकिंग नहीं होने से किसान मजबूरी में अपनी फसल औने-पौने दामो पर व्यापारियों को बेच रहे हैं।श्रीमती वर्मा ने आरोप लगाया कि खरीदी केंद्रों में अनाज तौलने के नाम पर सुविधा शुल्क बसूला जा रहा है व सैंपल के नाम पर किसानों से कई किलों गेहूं लिया जा रहा है। तौल कांटों में फिक्सिंग की गई है व अधिक गेहूं लिया जा रहा है सरकार रिकॉर्ड खरीदी के दावे कर रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है।श्रीमती वर्मा ने कहा कि आज दिनांक तक जो किसान अपना अनाज खरीदी खरीदी केंद्रों पर दे चुके हैं उनका भुगतान नहीं हो रहा है पूर्व विधायक ने सरकार से मांग की है कि तत्काल किसानों के स्लॉट बुक किए जाय किसानों की उपज समय पर खरीदी जाए एवं किसानों का तत्काल उनके उपज का भुगतान किया जाय।

रामनगर नगर परिषद का सूखा विकास मॉडल

नलों में पानी नहीं, कर्मचारियों की जेबें खाली

नवभारत न्यूज

रामनगर 5 मई। नगर परिषद रामनगर के 15 वार्डों में इन दिनों विकास का एक अनोखा मॉडल देखने को मिल रहा है। यहां कागजों पर योजनाएं तैर रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि नलों से पानी गायब है। स्थिति यह है कि जनता प्यास से बेहाल है और कर्मचारी खाली जेब के साथ काम करने को मजबूर हैं। शहर में चर्चा है कि यहां पानी और पैसा दोनों लापता हैं, लेकिन वादों की धार अब भी जारी है।

व्हीआईपी को पानी, आम जनता को नो एंट्री नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल तब ख? हो गए जब यह सामने आया कि पानी भी अब पद देखकर दिया जा रहा है। सरकारी दफ्तरों में ठाठ- अधिकारियों के लिए सरकारी हैंडपंपों पर मोटर लगाकर विशेष व्यवस्था की गई है।

जनता पर पहरा = आम नागरिकों को इन हैंडपंपों से पानी लेने से रोका जा रहा है।

2 किमी का संघर्ष = वार्ड क्रमांक 12 के रहवासियों के लिए पानी अब जरूरत नहीं, बल्कि जंग बन चुका है। लोग रोजाना 2 किलोमीटर का सफर तय कर पानी ढोने को मजबूर हैं।

कर्मचारियों का दर्द =6 महीने से वेतन जीरो, काम फुल पानी की समस्या तो एक पहलू है, नगर परिषद का दूसरा काला पक्ष कर्मचारियों का शोषण है। पिछले

फोटो फाइल

10 सालों से सेवा दे रहे कर्मचारी आज दाने-दाने को मोहताज हैं।

वेतन का इंतजार = पिछले 6 महीनों से वेतन के नाम पर कर्मचारियों को फूटी कौड़ी नहीं मिली है।

आदेशों की जंग = पूर्व सीएमओ लखनलाल ताम्रकार ने आउटसोर्स व्यवस्था खत्म करने का आदेश दिया था, लेकिन वर्तमान अध्यक्ष अभी भी आउटसोर्स के जरिए ही भुगतान पर अड़े हैं।

पिसाई जारी = रेगुलर और आउटसोर्स की इस खींचतान में कर्मचारी पिस रहे हैं। जिम्मेदारी पूरी निभाई जा रही है, लेकिन मेहनताना शून्य है।

ब? सवाल- आखिर जिम्मेदार कौन? समस्या , जमीनी हकीकत ,प्रशासन का रवैया ।

जल आपूर्ति = मोटर जली, पाइपलाइन टूटी, मरम्मत के नाम पर सिर्फ प्रयोग।

वेतन = 6 माह से भुगतान लंबित। आउटसोर्सिंग के फेर में फंसा मामला। जनता की सुनवाई = लोग त्रस्त, प्रदर्शन जारी। अध्यक्ष की चुप्पी, कोई ठोस आश्वासन नहीं।

7 जनता का तंज = नोटिस की तेजी पानी में भी दिखाओ ।

नगर परिषद इन दिनों समाधान देने के बजाय नोटिस बांटने में ज्यादा सक्रिय है। वार्डवासियों का कहना है कि प्रशासन जितनी फुर्ती नोटिस भेजने और कागजी कार्रवाई में दिखाता है, अगर उतनी ही फुर्ती पाइपलाइन सुधारने में दिखाई होती, तो आज जनता बूंद-बूंद को नहीं तरसती।

अध्यक्ष की मौन साधना = पूरे शहर में जल संकट और वेतन को लेकर हाहाकार मचा है, लेकिन अध्यक्ष महोदय ने चुप्पी साध रखी है। इस मौन साधना से जनता और कर्मचारी दोनों ही आक्रोशित हैं।

सवाल = रामनगर की जनता कब तक 2 किलोमीटर पैदल चलकर प्यास बुझाएगी? और इन कर्मचारियों के घर का चूल्हा कब जलेगा जिन्हें 6 महीने से पसीना बहाने के बदले सिर्फ आश्वासन मिला है?

गोरगाव 165 के ग्रामवासियों ने विभिन्न समस्यायों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 5 मई। रीवा जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत रायपुर कर्चुलियान के आधीन ग्राम पंचायत गोरगांव 165 के पंच,उपसरपंचएवं गांव के वरिष्ठ लोगों ने सैकड़ो की संख्या में एसडीएम परिसर रायपुर कर्चुलियान पंहुचकर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें गांव से लगभग 5किलोमीटर दूर नवीन ग्राम पंचायत का निर्माण मनमानी तरीके से कराये जाने एवं पंचायत

पोर्टल में निरंक बिल लोड करने के साथ 16 पंचों के द्वारा सरपंच को हटाये जाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव आदि मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिये।

वहीं अविश्वास प्रस्ताव हेतु विधिवत आवेदन करने हेतु जानकारी दी गयी।अब देखना यह होगा कि उक्त सरपंच के ऊपर शिकायतों पर से क्या कार्यवाही और कबतक में कार्यवाही की जायेगी।

विदित हो कि उक्त ग्राम के पंचायत दर्पण पोर्टल मे बिलों की जगह कोरे कागज अपलोड किये गये है।जिससे साफ तौर पर स्पष्ट होता है कि उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव शासन की राशि का जमकर लूट गवन किया गया है।यदि निष्पक्ष जांच हुई तो निश्चित हीं सरपंच सचिव सलाखों में जा सकते है।

पटवारियों की सूझबूझ से वर्षों पुराना सीमांकन विवाद सुलझा

नवभारत न्यूज

कोटर 5 मई। जिले की तहसील रघुराजनगर अंतर्गत हल्का डेलौरी के कोरगवां गांव में जमीन के सीमांकन को लेकर दो पक्षों के बीच कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था लंबे समय से लंबित इस मामले के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई थी और दोनों पक्ष समाधान की प्रतीक्षा कर रहे थे

इस जटिल मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने स्वयं निगरानी रखते हुए समाधान के निर्देश दिए उनके प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन में हल्का डेलौरी के पटवारी कृष्ण भूषण त्रिपाठी तथा हल्का लालपुर के पटवारी राजा बाबू पटेल ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की , दोनों पटवारियों ने राजस्व अभिलेखों और स्थल निरीक्षण के आधार पर जमीन की स्पष्ट चौहद्दी निर्धारित की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रही, जिससे वर्षों से चला आ रहा विवाद तुरंत समाप्त हो गया

तहसीलदार सौरभ मिश्रा की सक्रिय पहल और टीमवर्क के चलते यह मामला शीघ्र सुलझ पाया विवाद समाप्त होने पर दोनों पक्षों ने संतोष जताया और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया ।

एक नजर में

मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान हुआ

उचेहरा । ताम्रकार समाज ने ताम्रकार धर्मशाला में आज सम्मान समारोह आयोजन किया, जिसमें परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में मां सरस्वती एवं राजराजेश्वर महराज की छाया चित्र में पुष्प दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन शुभारंभ किया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया है।

पं .बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न

नागौद । पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार गूजर ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को एवं क्षेत्र के नागरिक बन्धुओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाया। श्री गुजर ने देश के सबसे लोकप्रिय नेता एवं जनता के सच्चे जनसेवक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र नवीन , देश के गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी के अनंत कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करते हुये खुशियां मनाएं ।

प्रधानमंत्री सड़कों की हालत खस्ताहाल

कोटर। टिकुरी से मगरवार लौलाछ रोड पूरी तरह से खराब हो गई है जो चलने लायक सड़क नहीं बची है इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सड़क बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। विभाग द्वारा जब सड़क निर्माण किया गया था तब एक बोर्ड लगाया गया था जिसमें भी लीपापोती कर दी गई है ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र रोड बनाने की अपील की है।

मैहर सिविल अस्पताल में दिया गया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

मैहर। सिविल अस्पताल में आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से फायर सेफ्टी प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका मैहर और अल्ट्राटेक कंपनी के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों, नर्सग स्टाफ, सुरक्षा गार्ड्स एवं समस्त कर्मचारियों को आगजनी जैसी स्थितियों में सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) के प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। स्टाफ को यह सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार त्वरित प्रतिक्रिया देकर उपकरणों का सही उपयोग किया जाए, ताकि मरीजों की सुरक्षा के साथ-साथ किसी भी ब? नुकसान से बचा जा सके। इसके साथ ही आपातकालीन निकासी मार्ग, अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली एवं भी? नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिदुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। सुरक्षा गार्ड्स को विशेष रूप से इमरजेंसी स्थिति में समन्वय बनाए रखने और त्वरित कार्रवाई करने की सलाह दी गई । अस्पताल प्रभारी सहित समस्त स्टाफ ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपातकालीन तैयारियों को मजबूती मिलती है।

धूप से बचाव के लिए बच्चों को बांटी गई कैप

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बी0 के0 शर्मा की प्रेरणा और मार्गदर्शन मे जनपद के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के गरीब बच्चों के चेहरे मे मुस्कान के लिए लगातार नवाचार किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा कहीं पर वातानुकूलित शिक्षण कक्ष तो कहीं पुस्तकालय, कहीं पाठ्य सामग्री आदि वितरण करके सबको प्रेरित किया जा रहा है। प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेष पांडेय ने बताया कि बीएसए बी के षर्मा की प्रेरणा से आज कम्पोजिट विद्यालय रामपुर, क्षेत्र-रामनगर मे बच्चों को धूप से बचाव के लिये कैप वितरण करवाया गया, जिसमे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बी के शर्मा जी ने स्वयं बच्चों को कैप पहनाकर उन्हे गर्मी और धूप से बचाव की जानकारी दी गयी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी श्री षर्मा द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करने और गर्मी - लू से बचाव की जानकारी देने के लिए प्रधानाध्यापक अखिलेश पाण्डेय और समस्त स्टाफ ने आभार व्यक्त किया।

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला बॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 5 मई। लीग समन्वयक डॉ0 तुषारकांत ष्षास्त्री ने बताया कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के निर्देषन पर उत्तर प्रदेष में चल रही अस्मिता खेलों इण्डिया लीग अभियान के तहत जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला ओलम्पिक एसोसियेशन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में महिला बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें जनपद से 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सीनियर सेकेण्डरी संत थामस स्कूल , उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा, इटौरा स्पोर्ट्स तथा पानी संस्थान आरोही पानी संस्थान चकौंध और पहाडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर की टीमों ने बालीबॉल लीग में अपने खेल कौषल का प्रदर्षन कर दर्षकों का मन मोह लिया। सभी टीमों ने संघर्ष किया ।फाइनल में इटौरा की दोनों टीमें विजेता एवं उप विजेता रहीं और पानी संस्थान तृतीय रहा। इनमें क्रमषः गोल्ड मेडल, सिलवर मेडल और कांस मेडल देकर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया गया।

आश्रम के विवाद से खराब हो रहीं चित्रकूट की छवि :सुशील मिश्रा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 5 मई। जिला बार एसोसिएशन की बैठक बार भवन के मीटिंग हाल में आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा और महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालापुर में चल रहे विवाद एवं अधिवक्ता शिवनरेश यादव के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के थानों में भ्रष्टाचार के कारण पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता शिवनरेश यादव के घर लगभग एक माह पूर्व चोरी हुई थी, जिसमें लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया था। इस संबंध में भरतकूप थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले के खुलासे के लिए अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार से भी मिल चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई

नहीं हुई। लालापुर स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम के विवाद का भी मुद्दा उठाते हुए अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि बाबा भरतदास द्वारा सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की गई है, जिससे क्षेत्र की छवि प्रभावित हो रही है। बाबा के खिलाफ पहले से कई मामलों में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर नाराजगी जताई गई। महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि चोरी की घटना का खुलासा और बाबा भरतदास के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी आठ मई को पुलिस प्रशासन के खिलाफ जनआंदोलन किया जाएगा।

आज़ाद क्रांति पार्टी ने बांदा में जन संकल्प महारैली में भरी हुंकार

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 4 मई । बुंदेलखंड की वीर धरा बादां के जीआईसी ग्राउंड में 3 मई 26 को आज़ाद क्रांति पार्टी की परिवर्तन एवं संकल्प महारैली सम्पन्न हुई। इस ऐतिहासिक जन संकल्प महारैली में हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने यह सिद्ध कर दिया कि बुंदेलखंड की जनता अब चुप बैठने को तैयार नहीं है।

पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक आनंद सागर खरे एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सिंह खंगार के आह्वान पर बादां एवं आसपास के जिलों से पहुँचे किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि अब झूठे वादे नहीं , हमें रोजगार चाहिए, सम्मान चाहिए और अपना हक चाहिए।

रैली की मुख्य बातें-पार्टी के वक्ताओं ने बुंदेलखंड की दशकों पुरानी उपेक्षा, किसानों की बदहाली, युवाओं की बेरोजगारी और बेलगाम माफिया राज पर सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जिस धरती ने वीर पैदा किए, उस धरती का किसान आज कर्ज और कुशासन की फांसी में क्यों झूल रहा है? बादां को वोट बैंक नहीं, विकास का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के स्वाभिमान की नई क्रांति का आगाज़ है।

पार्टी के 13 सूत्रीय जनसंकल्प- स्थानीय रोजगार- बुंदेलखंड के खनिज और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से मिले। बाहरी ठेकेदारों की लूट बंद हो। कृषि एवं सिंचाई- हर किसान के खेत तक पानी पहुँचे। फसल नुकसान का मुआवजा 30 दिनों में सीधे खाते में।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य- हर ब्लॉक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हों। अपराध मुक्त बुंदेलखंड- माफिया राज खत्म हो, फास्ट ट्रैक न्याय प्रणाली लागू हो। पृथक बुंदेलखंड राज्य- स्थानीय शासन से ही समस्याओं का स्थायी समाधान संभव। औद्योगिक पुनरुद्धार- बंद मिलों की जगह उद्योग स्थापित कर रोजगार सृजन। नारी सुरक्षा- आज़ाद रक्षक दल का गठन कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित। भर्ती एवं कोटा- स्थानीय युवाओं के लिए विशेष भर्ती और बुंदेलखंड रेजिमेंट की स्थापना।

हर घर 5त्न इंटरनेट- डिजिटल सुविधा और गरीब परिवारों को इंटरनेट भत्ता। ग्राम स्तर स्वास्थ्य सुविधा- हर ग्राम सभा में प्राथमिक चिकित्सालय और एंबुलेंस। नि:शुल्क बीमा- एकल आय वाले परिवारों के लिए मुफ्त जीवन बीमा। ग्राम सुरक्षा समिति- गांव स्तर पर सुरक्षा और अपराध नियंत्रण। मुआवजा गारंटी- प्राकृतिक आपदा में 30 दिन में सीधा भुगतान।इस महारैली को राष्ट्रीय संरक्षक आनंद सागर खरे, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सिंह खंगार, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती सृष्टि मिधा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम किशोर बाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता राज करण सिंह, संगठन मंत्री देव सिंह मिधा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी।